"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी.2-22-छत्तीसगढ़ गजट / 38 सि. से. भिलाई. दिनांक 30-05-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

# छत्तीसगढ़ राजपत्र

## (असाधारण)
## प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 594 ] नवा रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 9 अक्टूबर 2026 —— अश्विन 17, शक 1948

चिकित्सा शिक्षा (आयुष) विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर

नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 6 अक्टूबर 2026

अधिसूचना

क्रमांक GENCOR-9697/2026/55-एक.—— छत्तीसगढ़ शासन एतद् द्वारा राज्य के प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग विज्ञान महाविद्यालयों में प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग विज्ञान स्नातक पाठ्यक्रम के संचालन हेतु अधोसंरचना, महाविद्यालयों तथा संलग्न शिक्षण चिकित्सालयों के न्यूनतम मानक एवं शिक्षा के न्यूनतम मानक के संबंध में निम्नलिखित विनियम बनाती है, अर्थात्:—

1. **संक्षिप्त शीर्षक, विस्तार तथा प्रारम्भ :—**

(1) इन विनियमों को छत्तीसगढ़ प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग विज्ञान महाविद्यालयों एवं संलग्न चिकित्सालय हेतु न्यूनतम आवश्यक मानक एवं शिक्षा के न्यूनतम मानक विनियम, 2025 कहा जायेगा।

(2) राज्य के समस्त शासकीय एवं निजी प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग विज्ञान महाविद्यालयों को स्नातक पाठ्यक्रम के संचालन हेतु आवश्यक मानक इन विनियमों के आधार पर होंगे।

(3) ये नियम छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त होंगे।

2. **परिभाषा:—** इन विनियमों में, जब तक कि सन्दर्भ से अन्यथा अभिप्रेत न हो :—

(1) 'राज्य शासन' से अभिप्रेत है, 'छत्तीसगढ़ शासन'।

(2) 'संचालक' से अभिप्रेत है, 'संचालक, आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष), छत्तीसगढ़'।

(3) 'महाविद्यालय' से अभिप्रेत है, 'छत्तीसगढ़ शासन के अधीन शासकीय एवं निजी प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग विज्ञान महाविद्यालय'।

(4) 'चिकित्सालय' से अभिप्रेत है, 'महाविद्यालय से संलग्न शिक्षण/प्रशिक्षण चिकित्सालय'।

(5) 'विश्वविद्यालय' से अभिप्रेत है, 'पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़'।

(6) 'पंजीयन परिषद्' से अभिप्रेत है, 'छत्तीसगढ़ आयुर्वेदिक तथा यूनानी चिकित्सा पद्धति एवं प्राकृतिक चिकित्सा परिषद् रायपुर'।

(7) 'पाठ्यक्रम' से अभिप्रेत है, 'प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग विज्ञान स्नातक पाठ्यक्रम'(BNYS or Bachelor of Naturopathy and Yogic Sciences)। यह पूर्णकालिक नियमित पाठ्यक्रम $5\frac{1}{2}$ वर्ष का है जिसमें $4\frac{1}{2}$ वर्ष का मुख्य पाठ्यक्रम और 1 वर्ष का इंटर्नशिप शामिल है।

3. **नवीन महाविद्यालय प्रारंभ करने हेतु आवेदन प्रक्रिया :—**

नवीन प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग विज्ञान महाविद्यालय प्रारंभ करने हेतु निम्नानुसार आवेदन प्रस्तुत करना होगा :—

(1) नवीन महाविद्यालय प्रारंभ करने हेतु किसी भी महाविद्यालय/संस्था/सोसायटी द्वारा निर्धारित प्रारूप में चालू वर्ष के 30 अप्रैल तक राज्य शासन को निम्नलिखित आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रस्तुत करना होगा :—

(क) आवेदन प्रस्तुत करने वाली संस्था/सोसायटी (कम से कम पांच वर्ष पुराने गठित) का 'फर्म एवं सोसायटी' में जीवित पंजीयन प्रमाण—पत्र।

(ख) राज्य शासन से अनापत्ति प्रमाण पत्र।

(ग) विश्वविद्यालय से संबद्धता हेतु सहमति प्रमाण—पत्र।

(घ) 50 सीटों की प्रवेश क्षमता एवं 51—100 सीटों की प्रवेश क्षमता हेतु आवेदन शुल्क क्रमशः 2,00,000/— रूपये एवं 3,00,000/— रूपये का डिमांड ड्राफ्ट 'संचालक आयुष' के नाम से जमा करना होगा।

(ड.) निजी महाविद्यालय हेतु राज्य शासन को 25 लाख रूपये की बैंक गारंटी प्रस्तुत करना होगा।

(2) आवेदन करने के पूर्व 1 वर्ष का पूर्णतः विकसित एवं संचालित चिकित्सालय न्यूनतम मापदण्डों के अनुसार होना अनिवार्य है।

**4. भूमि की आवश्यकता :–**

(1) इन विनियमों के अधीन 50 सीटों की प्रवेश क्षमता वाले महाविद्यालयों एवं संलग्न चिकित्सालयों हेतु न्यूनतम तीन एकड़ का एक भूखंड आवश्यक होगा।

(2) 51 से 100 सीटों की प्रवेश क्षमता हेतु भूमि पांच एकड़ से कम और दो प्लॉट से अधिक नहीं हो एवं उनकी दूरी 5 किलोमीटर से अधिक नहीं हो। प्लॉट यदि सड़क या नहर या नाले के कारण अलग हो लेकिन एक पुल से जुड़े हों तो भूमि का एक ही टुकड़ा समझा जायेगा।

(3) भूमि महाविद्यालय/संस्था/सोसायटी के स्वामित्व में होनी चाहिए या महाविद्यालय के नाम पर न्यूनतम 30 वर्ष या राज्य शासन के नियमों अथवा विनियमों के अनुसार अधिकतम अनुमति अवधि के पट्टे पर होनी चाहिए। अनुमति समाप्ति से छः माह पूर्व पट्टे का नवीनीकरण कराना आवश्यक होगा।

**5. न्यूनतम निर्मित क्षेत्र की आवश्यकता :–**

(1) 50 छात्रों तक की प्रवेश क्षमता हेतु संलग्न चिकित्सालय भवन का कुल निर्मित क्षेत्र (अनुसूची–1 के अनुसार) 1500 वर्ग मीटर एवं महाविद्यालय का निर्मित क्षेत्र (अनुसूची–2 के अनुसार) 1500 वर्ग मीटर होना चाहिए।

(2) 51 से 100 छात्रों तक प्रवेश क्षमता हेतु संलग्न चिकित्सालय भवन का कुल निर्मित क्षेत्र (अनुसूची–1 के अनुसार) 2800 वर्ग मीटर एवं महाविद्यालय का निर्मित क्षेत्र (अनुसूची– 2 के अनुसार) 2800 वर्ग मीटर होना चाहिए।

(3) अनुसूची–1 एवं अनुसूची–2 में विनिर्दिष्ट विवरणानुसार महाविद्यालय एवं चिकित्सालय का निर्माण अलग–अलग भवनों में किया जाना होगा।

(4) कुल निर्माण क्षेत्र, अनुमेय तल क्षेत्र अनुपात (एफ.ए.आर.) या फ्लोर स्पेस इंडेक्स (एफ.एस.आई) सक्षम प्राधिकारी या स्थानीय कानूनों या नियमों द्वारा दी गई अनुमति पर आधारित होगा।

(5) अनुमति के लिए आवेदन करते समय स्थानीय नगर निगम/सक्षम कार्यालय का अधिकारिक प्रमाण पत्र जो यह प्रमाणित/अनुमोदित करता हो कि भवनों का निर्माण एवं उनका निर्माण क्षेत्र अनुसूची–1 एवं अनुसूची–2 के अनुसार है एवं यह भवन भूमि के टुकड़े में समाहित हो सकते हैं, संलग्न होना चाहिए।

(6) महाविद्यालय को सुचारू रूप से कार्य करने हेतु, अन्य आवश्यक मूलभूत संरचनाएं जैसे महाविद्यालय एवं चिकित्सालय के कर्मचारी हेतु पर्याप्त आवास एवं छात्र–छात्राएं हेतु अलग–अलग छात्रावास, बाह्य एवं अन्तरंग खेलों की सुविधा, शौचालय, पेयजल, बिजली की सेवाएं, कार्यशाला एवं परिसर के अन्दर पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था होना चाहिए।

(7) वनौषधि उद्यान का न्यूनतम क्षेत्र अनुसूची–3 में विहित अनुसार होना चाहिए। वनौषधि उद्यान में 50 छात्रों की प्रवेश क्षमता हेतु न्यूनतम 50 किस्मों के 500 पौधे एवं 51–100 छात्रों की प्रवेश क्षमता हेतु 70 किस्मों के 1000 पौधे होने अनिवार्य हैं।

6. **प्रवेश क्षमता :–**

महाविद्यालय की वार्षिक प्रवेश क्षमता 50 एवं 100 के स्लैब में होगी। 50 से कम या 51 से 100 सीटों की प्रवेश क्षमता रखने वाले महाविद्यालय को अनुसूची–1 से अनुसूची–22 तक में वर्णित क्रमशः 50 एवं 100 सीटों की आवश्यकताओं का पालन करना होगा।

7. **शिक्षण चिकित्सालय की आवश्यकताएं :–**

(1) संस्था शिक्षण चिकित्सालय स्थापित और संचालित करने हेतु राज्य शासन या स्थानीय प्राधिकरण की सभी सांविधिक (statutory) आवश्यकताओं को पूरा करेगा। राज्य शासन ऐसे आवेदक महाविद्यालयों को अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने से पूर्व ऐसे अनुमति/निकासी की उपलब्धता को सत्यापित करेगी।

(2) **बाह्य रोगी विभाग/अन्तरंग रोगी विभाग के रोगियों की उपस्थिति के अभिलेख का रखरखाव :–**

महाविद्यालय चिकित्सालय बाह्य रोगी विभाग एवं अन्तरंग रोगी विभाग के रोगियों का अभिलेख वेब आधारित कम्प्यूटरीकृत केन्द्रीय पंजीकरण प्रणाली से रखरखाव करेगा। चिकित्सालय विभागानुसार बहिरंग विभाग और अन्तरंग विभाग का अभिलेख, रोगी संबंधित दस्तावेज, प्रयोगशाला और विकिरण जांच प्रतिवेदन, अंतरंग विभाग के रोगियों के लिए आहार पंजिका, चिकित्सालय के चिकित्सकों एवं कर्मचरियों का ड्यूटी पंजिका, जन्म एवं मृत्यु पंजिका इत्यादि संधारित करेगा।

(3) **बाह्य रोगी विभाग :–**

चिकित्सालय में बाह्य रोगी विभागों की संख्या एवं निर्मित क्षेत्र अनुसूची–1 में निर्दिष्टानुसार होगें।

(4) **बाह्य रोगी संख्या** :–

चिकित्सालय में प्रतिदिन बाह्य रोगी संख्या छात्र–प्रवेश क्षमता अनुरूप तालिका–1 के अनुसार होगी।

(5) **स्थान आवश्यकता** :–

पूर्ण रूप से संचालित महाविद्यालय चिकित्सालय में अनुसूची–1 के अनुसार विभिन्न विभाग/चिकित्सा हेतु निर्दिष्ट स्थान होना चाहिए।

(6) **अन्तरंग रोगी विभाग** :– अस्पताल के अन्तरंग रोगी विभाग में पुरूष एवं स्त्री वार्ड अलग होगें और शय्या वितरण निम्न प्रकार होगाः–

छात्रों के अनुपात अनुसार शय्याओं की संख्या, अन्तः रोगी विभाग में शय्या अधिभोग एवं बाह्य रोगी विभाग में रोगियों की संख्या क्रमशः 1:1, 50 प्रतिशत एवं 1:1 निम्नलिखित तालिका–1 में दिये गये विवरण के अनुसार होगा। सामान्य वार्ड में दो शय्याओं की दूरी डेढ़ मीटर से कम नहीं होगी।

तालिका–1

| वार्षिक प्रवेश क्षमता | अन्तरंग रोगी विभाग में न्यूनतम शय्या छात्र–शय्या अनुपात 1:1 पर | अन्तरंग रोगी विभाग में एक वार्षिक कलैण्डर (365 दिन) में शय्या अधिभोग (Bed Occupancy) | एक वार्षिक कलैण्डर (300 दिन) में बाह्य रोगी विभाग में प्रतिदिन रोगियों की न्यूनतम औसत संख्या (1:1 छात्र–रोगी अनुपात) |
|---|---|---|---|
| 50 छात्रों तक | 50 शय्या | 50% | 50 |
| 51 से 100 छात्र | 100 शय्या | 50% | 100 |

शय्या अधिभोग की संख्या की गणना करने हेतु चिकित्सालय प्रत्येक रोगी के भर्ती (admission) होने तथा उनके निवर्तन (discharge) की तिथि का लेखा जोखा रखेगा। मध्यरात्री में रोगी द्वारा शय्या अधिभोग की गणना एक शय्या दिवस अधिभोग के रूप में की जाएगी। शय्या अधिभोग की गणना हेतु निम्नलिखित सूत्र लागू होगा–

$$\frac{\text{शय्या दिवस अधिभोग} \times 100 \text{ की संख्या}}{\text{शय्याओं की संख्या} \times \text{दिवसों की संख्या}}$$

(7) **नैदानिक प्रयोगशाला** :–

पर्याप्त भंडारण क्षेत्र और कार्य स्थान के साथ पूरी तरह सुसज्जित नैदानिक प्रयोगशाला होनी चाहिए।

(8) **अस्पताल के कर्मचारी** :– अस्पताल के लिए न्यूनतम स्टॉफ की आवश्यकता अनुसूची–4 के अनुसार होगी।

(9) **आवश्यक यन्त्र/शस्त्र/उपकरण** :– चिकित्सालय में आवश्यक यन्त्र/शस्त्र/उपकरण अनुसूची–5 के अनुसार होंगे।

(10) **पर्यावरण संरक्षण प्रमाण–पत्र** :– चिकित्सालय हेतु पर्यावरण संरक्षण बोर्ड द्वारा प्रदत्त अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

(11) **बायोमेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन** :– बायोमेडिकल अपशिष्ट पदार्थों के निपटान हेतु उचित व्यवस्था करनी होगी।

(12) **अग्निशामक यंत्र की व्यवस्था** :– चिकित्सालय में उचित स्थानों पर अग्निशामक यंत्रों की व्यवस्था होनी चाहिए।

(13) दिव्यांग रोगी हेतु उनके आवागमन की उचित व्यवस्था चिकित्सालय में होनी चाहिए।

**8. महाविद्यालय की आवश्यकताएं :–**

(1) **अधोसंरचना** :– महाविद्यालय का भूमि क्षेत्रफल विनियम–4 एवं निर्मित क्षेत्रफल अनुसूची–2 के अनुसार होना आवश्यक है।

(2) **शिक्षण स्टॉफ** :— प्रवेश क्षमता के अनुसार न्यूनतम नियमित पूर्णकालिक शिक्षक अनुसूची—8 के निर्दिष्टानुसार होंगे। वे शिक्षक जो शिक्षण के पद हेतु न्यूनतम पात्रता के मानकों को पूरा करते हैं, उन्हें प्रतिनियुक्ति अथवा संविदा के आधार पर नियुक्त किया जा सकेगा।

(3) **गैर—शिक्षण एवं अन्य स्टॉफ की आवश्यकता** :— महाविद्यालय की विभिन्न इकाइयों तथा विभागों में गैर—शिक्षण तथा अन्य स्टॉफ अनुसूची—10 के निर्दिष्टानुसार होगा।

(4) **आवश्यक यन्त्र/शस्त्र/उपकरण** :— महाविद्यालय में आवश्यक यन्त्र/शस्त्र/उपकरण अनुसूची—11 से अनुसूची— 19 के अनुसार होंगे।

9. **विविध आवश्यकताएं** —

(1) **महाविद्यालय परिषद्** :—

(क) प्रत्येक महाविद्यालय में एक महाविद्यालय परिषद् होगी जिसमें समस्त विभागों के अध्यक्ष सदस्य के रूप में तथा प्राचार्य अथवा अधिष्ठाता अध्यक्ष के रूप में समाविष्ट होंगे।

(ख) पाठ्यक्रम तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम का विवरण तैयार करने, अनुशासन पर बल देने तथा अन्य शैक्षणिक गतिविधियों के लिए वर्ष में कम से कम चार बार महाविद्यालय परिषद् की बैठक आयोजित किया जाना आवश्यक होगा।

(ग) महाविद्यालय परिषद् द्वारा संस्था में नियमित रूप से आवधिक अनुसंधान पुनरीक्षण के साथ—साथ अन्तरविभागीय बैठकें, शैक्षणिक भ्रमण, सांख्यिकीय बैठकें तथा नैदानिक बैठके आयोजित किया जाना आवश्यक होगा।

(2) **महाविद्यालय की वेबसाईट**: प्रत्येक महाविद्यालय की उसकी अपनी वेबसाइट होगी जिस पर प्रत्येक माह के पहले सप्ताह में अद्यतन (Updated) किया गया निम्नलिखित विवरण उपलब्ध कराया जायेगा :—

(क) प्रत्येक शिक्षक का विवरण जैसे विभाग, शैक्षणिक अर्हता, फोटोग्राफ, पंजीयन संख्या, जन्मतिथि, पूर्व संस्था के नाम सहित कुल शिक्षण अनुभव, कार्यभार ग्रहण करने की तिथि इत्यादि महाविद्यालय की वेबसाइट पर होगी।

(ख) निदेशक अथवा अधिष्ठाता अथवा प्राचार्य एवं चिकित्सालय अधीक्षक का विवरण जिसमें उसका नाम, आयु, पंजीयन संख्या, अर्हता, कार्यग्रहण की तिथि, दूरभाष/मोबाइल संख्या सहित उनका पूरा पता तथा एस.टी.डी. कोड, फैक्स तथा ई—मेल इत्यादि हों।

(ग) महाविद्यालय के गैर—शिक्षण स्टॉफ तथा चिकित्सालय स्टॉफ का विभाग सहित विवरण।

(घ) स्नातकीय पाठ्यक्रमों की स्वीकृति एवं प्रवेश क्षमता का विवरण।

(ङ) चालू एवं गत वर्ष के लिए प्रवेश प्राप्त छात्रों की योग्यता एवं श्रेणीवार सूची।

(च) पिछले एक वर्ष के दौरान कोई शोध प्रकाशन।

(छ) संस्था द्वारा आयोजित किसी सतत् चिकित्सा शिक्षा (सी.एम.ई) कार्यक्रम, सम्मेलन तथा शैक्षणिक गतिविधियों का विवरण।

(ज) छात्रों एवं संकाय द्वारा प्राप्त किये गये किसी पुरस्कार एवं उपलब्धि का विवरण।

(झ) सम्बद्ध विश्वविद्यालय तथा इसके कुलपति तथा कुल सचिव का विवरण।

(ञ) पिछले एक वर्ष की सभी परीक्षाओं का परिणाम।

(ट) चिकित्सालय में चिकित्सा एवं नैदानिक सुविधाओं का विवरण।

(ठ) बाह्य रोगी विभाग तथा अंतः रोगी विभाग में रोगियों की उपस्थिति का माह के अनुसार विश्लेषण महाविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा।

(3) **बॉयोमेट्रिक उपस्थिति** :— शिक्षण स्टॉफ, गैर शिक्षण स्टॉफ तथा चिकित्सालय के स्टॉफ हेतु बायोमैट्रिक्स उपस्थिति प्रणाली रखना अनिवार्य है।

10. **नए महाविद्यालय की चरणवार विशिष्ट आवश्यकताएं** —

प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग विज्ञान स्नातक पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने हेतु अनुमति चाहने वाले महाविद्यालय को आधारभूत संरचना तथा मानव संसाधन को निम्नवत् स्थापित करना होगाः

(1) **महाविद्यालय छात्रों के प्रथम बैच के प्रवेश से पूर्व निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूर्ण करना होगा** —

(क) आवेदन प्रस्तुत करते समय, महाविद्यालय के पास वार्षिक छात्र प्रवेश क्षमता के अनुरूप शय्याओं की उचित संख्या तथा शय्या अधिभोग एवं बाह्य रोगी विभाग की उपलब्धता तथा आवेदन की तिथि से एक वर्ष से पूर्व कार्यात्मक एवं विकसित चिकित्सालय होना अनिवार्य है।

(ख) प्रथम व्यावसायिक वर्ष छात्रों के शिक्षण एवं प्रशिक्षण हेतु विनिर्दिष्ट अपेक्षित अर्हता सहित शिक्षण तथा गैर–शिक्षण स्टॉफ की नियुक्ति होना आवश्यक है।

(ग) चिकित्सालय के संचालन हेतु प्रत्येक विभाग में कम से कम एक विशेषज्ञ अथवा नैदानिक (क्लिनिकल) शिक्षक का होना आवश्यक होगा। महाविद्यालय की स्थापना हेतु राज्य शासन को आवेदक द्वारा आवेदन प्रस्तुत किए जाने से एक वर्ष पूर्व अथवा विशेषज्ञ चिकित्सक की नियुक्ति की तिथि से, जो भी कम हो, विशेषज्ञ चिकित्सक अथवा नैदानिक चिकित्सक का अनुभव शिक्षक के रूप में माना जाएगा।

(घ) 50 प्रवेशित छात्रों तक के लिए 50 व्यक्तियों के बैठने तथा 51 से 100 प्रवेशित छात्रों हेतु 80 व्यक्तियों के बैठने की क्षमता के साथ 50 प्रवेशित छात्र क्षमता हेतु 2000 पुस्तकों का एक पुस्तकालय तथा 51 से 100 प्रवेशित छात्र क्षमता हेतु 3000 पुस्तकों का एक पुस्तकालय होना चाहिए।

(ङ) शिक्षण के प्रथम व्यावसायिक वर्ष हेतु उचित रूप से फर्नीचर युक्त एवं सुसज्जित दो व्याख्यान हॉल तथा शिक्षण विभाग तथा प्रयोगशालाएं तथा संग्रहालय अनिवार्य होगें।

(च) 50 प्रवेशित छात्रों तक के लिए दो हजार पांच सौ वर्गमीटर भूमि पर तथा 51 से 100 प्रवेशित छात्रों हेतु 4 हजार वर्ग मीटर भूमि पर फैला एक वनौषधियों से युक्त उद्यान जिसमें 50 प्रवेशित क्षमता हेतु 50 प्रजातियों के 500 औषधीय पौधे तथा 51 से 100 प्रवेशित सीटों हेतु 70 प्रजातियों के 1000 औषधीय पौधे लगे हों।

(छ) चिकित्सालय का समस्त स्टॉफ अनुसूची–4 में यथा विनिर्दिष्ट होगा।

(ज) महाविद्यालय के शिक्षण स्टॉफ, गैर–शिक्षण स्टॉफ तथा चिकित्सालय के स्टॉफ हेतु बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली रखना अनिवार्य है।

(2) **महाविद्यालय छात्रों के द्वितीय बैच के प्रवेश से पूर्व निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूर्ण करना होगा :–**

(क) वार्षिक छात्र प्रवेश क्षमता के अनुरूप अंतरंग रोगी विभाग में शय्याओं की उचित संख्या, शय्या अधिभोग एवं बाहय रोगी विभागों सहित कार्यात्मक एवं विकसित चिकित्सालय होना चाहिए।

(ख) प्रथम एवं द्वितीय व्यावसायिक वर्ष छात्रों के शिक्षण एवं प्रशिक्षण हेतु विनिर्दिष्ट अपेक्षित अर्हता सहित शिक्षण तथा गैर–शिक्षण स्टॉफ की नियुक्ति होना आवश्यक है।

(ग) महाविद्यालय चिकित्सालय के संचालन हेतु प्रत्येक विभाग में कम से कम एक विशेषज्ञ चिकित्सक अथवा एक नैदानिक (क्लिनिकल) शिक्षक होना आवश्यक है।

(घ) 50 प्रवेशित छात्रों तक के लिए 50 व्यक्तियों के बैठने तथा 51 से 100 प्रवेशित छात्र हेतु 80 व्यक्तियों के बैठने की क्षमता के साथ 50 प्रवेशित छात्र क्षमता हेतु 3000 पुस्तकों का एक पुस्तकालय तथा 51 से 100 प्रवेशित छात्र क्षमता हेतु 4500 पुस्तकों का एक पुस्तकालय होना चाहिए।

(ङ) यथा विनिर्दिष्ट शिक्षण के प्रथम एवं द्वितीय व्यासायिक वर्ष हेतु उचित रूप से फर्नीचरयुक्त एवं सुसज्जित तीन व्याख्यान हॉल तथा शिक्षण विभाग, प्रयोगशालाएं एवं संग्रहालय अनिवार्य होगें।

(च) 50 प्रवेशित छात्रों तक के लिए दो हजार पांच सौ वर्गमीटर भूमि पर तथा 51 से 100 प्रवेशित छात्रों हेतु 4 हजार वर्ग मीटर भूमि पर फैला एक वनौषधियों से युक्त उद्यान जिसमें 50 प्रवेशित क्षमता हेतु 50 प्रजातियों के 500 औषधीय पौधे तथा 51 से 100 प्रवेशित सीटों हेतु 70 प्रजातियों के 1000 औषधीय पौधे लगे हों।

(छ) चिकित्सालय का समस्त स्टॉफ अनुसूची–4 में यथा विनिर्दिष्ट होगा।

(ज) शिक्षण स्टॉफ, गैर शिक्षण स्टॉफ तथा चिकित्सालय के स्टॉफ हेतु बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली रखना अनिवार्य है।

**(3) महाविद्यालय छात्रों के तृतीय बैच के प्रवेश से पूर्व निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूर्ण करना होगा –**

(क) यथा विनिर्दिष्ट वार्षिक छात्र प्रवेश क्षमता के अनुरूप अंतः रोगी विभाग में शय्याओं की उचित संख्या, शय्या अधिभोग एवं बाह्य रोगी विभागों सहित कार्यात्मक एवं विकसित चिकित्सालय होना आवश्यक होगा।

(ख) प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय व्यावसायिक वर्ष छात्रों के शिक्षण एवं प्रशिक्षण हेतु विनिर्दिष्ट अपेक्षित अर्हता सहित शिक्षण तथा गैर–शिक्षण स्टॉफ की नियुक्ति होना आवश्यक है।

(ग) महाविद्यालय चिकित्सालय के संचालन हेतु प्रत्येक बहिरंग विभाग में कम से कम एक विशेषज्ञ चिकित्सक अथवा एक नैदानिक (क्लिनिकल) शिक्षक होना आवश्यक होगा।

(घ) 50 प्रवेशित छात्रों तक के लिए 50 व्यक्तियों के बैठने तथा 51 से 100 प्रवेशित छात्र हेतु 80 व्यक्तियों के बैठने की क्षमता के साथ 50 प्रवेशित छात्र क्षमता हेतु 4000 पुस्तकों का एक पुस्तकालय तथा 51 से 100 प्रवेशित छात्र क्षमता हेतु 6000 पुस्तकों का एक पुस्तकालय होना चाहिए।

(ङ) यथा विनिर्दिष्ट शिक्षण के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय व्यावसायिक वर्ष हेतु उचित रूप से फर्नीचरयुक्त एवं सुसज्जित चार व्याख्यान हॉल तथा शिक्षण विभाग, प्रयोगशालाएं एवं संग्रहालय अनिवार्य होंगे।

(च) 50 प्रवेशित छात्रों तक के लिए दो हजार पांच सौ वर्गमीटर भूमि पर तथा 51 से 100 प्रवेशित छात्रों हेतु 4 हजार वर्ग मीटर भूमि पर फैला एक वनौषधियों से युक्त उद्यान जिसमें 50 प्रवेशित क्षमता हेतु 50 प्रजातियों के 500 औषधीय पौधे तथा 51 से 100 प्रवेशित सीटों हेतु 70 प्रजातियों के 1000 औषधीय पौधे लगे हों।

(छ) चिकित्सालय का समस्त स्टॉफ अनुसूची–4 में यथा विनिर्दिष्ट होगा।

(ज) शिक्षण स्टॉफ, गैर शिक्षण स्टॉफ तथा चिकित्सालय के स्टॉफ हेतु बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली रखना अनिवार्य है।

**(4) महाविद्यालय छात्रों के चतुर्थ बैच के प्रवेश से पूर्व निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूर्ण करना होगा –**

(क) यथा विनिर्दिष्ट वार्षिक छात्र प्रवेश क्षमता के अनुरूप अंतः रोगी विभाग में शय्याओं की उचित संख्या, शय्या अधिभोग एवं बाह्य रोगी विभागों सहित कार्यात्मक चिकित्सालय होना अनिवार्य है।

(ख) प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ व्यावसायिक वर्ष छात्रों के शिक्षण एवं प्रशिक्षण हेतु विनिर्दिष्ट अपेक्षित अर्हता सहित शिक्षण तथा गैर–शिक्षण स्टॉफ की नियुक्ति होना आवश्यक है।

(ग) यथा विनिर्दिष्ट के अनुसार महाविद्यालय, अस्पताल तथा अन्य इकाईयों की समस्त आधारभूत संरचना एवं मानव संसाधन की आवश्कताओं का पूर्ति करना होगा।

(घ) 50 प्रवेशित छात्रों तक के लिए 50 व्यक्तियों के बैठने तथा 51 से 100 प्रवेशित छात्र हेतु 80 व्यक्तियों के बैठने की क्षमता के साथ 50 प्रवेशित छात्र क्षमता हेतु 6000 पुस्तकों का एक पुस्तकालय तथा 51 से 100 प्रवेशित छात्र क्षमता हेतु 8000 पुस्तकों का एक पुस्तकालय होना चाहिए।

(ङ) दो हजार पांच सौ वर्गमीटर भूमि पर तथा 4 हजार वर्ग मीटर भूमि पर फैला एक वनौषधियों से युक्त उद्यान क्रमशः 50 प्रवेशित छात्रों तक के लिए दो हजार पांच सौ वर्गमीटर भूमि पर तथा 51 से 100 प्रवेशित छात्रों हेतु 4 हजार वर्ग मीटर भूमि पर फैला एक वनौषधियों से युक्त उद्यान जिसमें 50 प्रवेशित क्षमता हेतु 50 प्रजातियों के 500 औषधीय पौधे तथा 51 से 100 प्रवेशित सीटों हेतु 70 प्रजातियों के 1000 औषधीय पौधे लगे हों।

(च) चिकित्सालय में औषधियों, पैरा मेडिकल स्टॉफ, चिकित्सक तथा आपातकाल प्रबन्धन के साथ चौबीस घंटे की चिकित्सा सेवाओं की निश्चित उपलब्धता।

(छ) शिक्षण स्टॉफ, गैर शिक्षण महाविद्यालय के स्टॉफ तथा चिकित्सालय के स्टॉफ हेतु बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली रखना अनिवार्य है।

11. **उपकरण, यन्त्र–समूह इत्यादि की सूची**– छात्रों के लिए शिक्षण तथा प्रशिक्षण सामग्री के उचित प्रावधान सुनिश्चित करने हेतु, महाविद्यालय जैसा कि इन विनियम के अन्तर्गत विनिर्दिष्ट है, महाविद्यालय के शिक्षण विभाग, चिकित्सालय, प्रयोगशालाएं तथा शव विच्छेदन कक्ष, पुस्तकालय, औषधशाला तथा अन्य इकाईयों में अपेक्षित पर्याप्त संख्या में उपकरण यंत्र–समूह इत्यादि का न्यूनतम 90 प्रतिशत उपलब्ध होना अनिवार्य होगा।

12. **महाविद्यालयों में अनुमति प्रक्रिया के पूर्ण होने की तिथि तथा प्रवेश हेतु कट ऑफ तिथि :–**

(1) महाविद्यालयों में प्रवेश लेने हेतु महाविद्यालयों को अनुमति प्रदान करने अथवा प्रदान ना करने की प्रक्रिया प्रत्येक शैक्षणिक सत्र की 31 जुलाई तक पूर्ण कर ली जाएगी।

(2) महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु कट ऑफ तिथि प्रत्येक शैक्षणिक सत्र की 30 अक्टूबर होगी, संचालक द्वारा कट ऑफ तिथि को परिवर्तित किया जा सकेगा।

(3) किसी नये महाविद्यालय की स्थापना करने तथा छात्रों को प्रवेश देने की अनुमति प्रारम्भ में एक वर्ष की अवधि के लिए प्रदान की जायेगी तथा अनुमति की अवधि वार्षिक आधार पर यथा विनिर्दिष्ट वार्षिक लक्ष्यों की उपलब्धि की जांच की शर्त पर बढ़ायी जायेगी।

(4) यह महाविद्यालय का उत्तरदायित्व होगा कि वह अनुमति की अवधि बढ़ाये जाने के उद्देश्य हेतु पूर्व अनुमति की अवधि समाप्त होने से छः माह पूर्व राज्य शासन को आवेदन करेगा।

(5) संचालनालय द्वारा बी.एन.वाय.एस. महाविद्यालय में प्रवेश की मान्यता देने हेतु प्रतिवर्ष निरीक्षण कराया जाएगा। इस विनियम की सभी शर्तों को पूर्ण करने एवं संचालनालय द्वारा मान्यता प्राप्त करने के पश्चात ही प्रतिवर्ष प्रवेश की कार्यवाही की जावेगी।

(6) पूर्व से स्थापित बी.एन.वाय.एस. महाविद्यालयों को इस विनियम की सभी शर्तों कों 18 माह की अवधि में पूर्ण किया जाना अनिवार्य होगा।

13. **पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु पात्रता मापदंड :–**

(1) **निवास सम्बन्धी अर्हताएॅ :–** केवल वही अभ्यर्थी प्रवेश हेतु आवेदन करने के लिए अर्ह होगा, जो,

(क) भारत का नागरिक हो ।

(ख) छत्तीसगढ़ का स्थानीय निवासी अथवा गैर स्थानीय निवासी हो।

(2) **बी.एन.वाय.एस. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शैक्षणिक अर्हताएं :–** बी.एन.वाय.एस. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी भारत सरकार, छत्तीसगढ़ शासन अथवा अन्य किसी राज्य शासन से मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्ड से उच्चतर माध्यमिक (10+2) परीक्षा भौतिक शास्त्र, रसायन विज्ञान, जीवविज्ञान और अंग्रेजी विषयों सहित तथा भौतिक शास्त्र, रसायन विज्ञान एवं जीवविज्ञान (प्राणी विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान) इन तीनों विषयों में सम्मिलित (Aggregate) रूप से अनारक्षित श्रेणी एवं ई.डब्ल्यू.एस. (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) के अभ्यर्थी न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ, अनारक्षित श्रेणी एवं ई.डब्ल्यू.एस. (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) के दिव्यांग संवर्ग के अभ्यर्थी न्यूनतम 45 प्रतिशत अंको के साथ, छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी अनुसूचित जनजाति, विशेष पिछड़ी अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रीमीलेयर को छोड़कर) के तथा इन्हीं श्रेणियों के दिव्यांग अभ्यर्थी न्यूनतम 40 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण की हो।

**(3) आयु सीमा** :– केवल वे ही अभ्यर्थी स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु पात्र होंगे, जिन्होंने प्रवेशित वर्ष के 31 दिसम्बर को न्यूनतम 17 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो।

**स्पष्टीकरण** :– आयु प्रमाणित करने के लिए हाई स्कूल/ हायर सेकण्डरी (10+2) सर्टिफिकेट परीक्षा अथवा समकक्ष परीक्षा के प्रमाण–पत्र अथवा अंकसूची में अंकित जन्मतिथि को ही सही माना जायेगा।

14. **बी.एन.वाय.एस. पाठ्यक्रम की अवधिः–**

बी.एन.वाय.एस. पाठ्यक्रम की अवधि निम्नलिखित तालिका के अनुसार 5 वर्ष और 6 महीने की होगी, अर्थात्–

तालिका–2

| क्र. | बी.एन.वाय.एस का पाठ्यक्रम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | प्रथम व्यावसायिक बी.एन.वाय.एस | 1 वर्ष |
| 2 | द्वितीय व्यावसायिक बी.एन.वाय.एस | 1 वर्ष |
| 3 | तृतीय व्यावसायिक बी.एन.वाय.एस | 1 वर्ष |
| 4 | चतुर्थ (अंतिम) व्यावसायिक बी.एन.वाय.एस | 1 वर्ष 6 माह |
| 5 | अनिवार्य परिभ्रामि विशिखानुप्रवेश | 1 वर्ष |

15. **प्रदान की जाने वाली उपाधि** :– अभ्यर्थी को सभी परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने और निर्धारित अवधि में अनिवार्य परिभ्रामि विशिखानुप्रवेश पूर्ण करने के पश्चात बैचलर ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंसेस – बी.एन.वाय.एस. की स्नातक उपाधि से सम्मानित किया जायेगा।

16. **शिक्षा का माध्यम** :– पाठ्यक्रम के लिये शिक्षा का माध्यम हिन्दी या अंग्रेजी होगा।

17. **पाठ्यक्रम के विषय** :– बी.एन.वाय.एस. पाठ्यक्रम के विभिन्न व्यावसायिक सत्र के विषय तालिका–3 के अनुसार होंगे।

18. **नैदानिक प्रशिक्षण** :– प्रवेशित छात्रों का नैदानिक प्रशिक्षण प्रथम व्यावसायिक से प्रारंभ होगा और संबंधित संकाय और विभाग द्वारा संलग्न चिकित्सालय में विषय की आवश्यकता के अनुसार नैदानिक प्रशिक्षण दिया जायेगा।

19. **परीक्षक हेतु अर्हता** :– पाठ्यक्रम के विभिन्न व्यावसायिक सत्र की परीक्षा एवं उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु आंतरिक एवं बाह्य परीक्षक को न्यूनतम 3 वर्ष का शिक्षण अनुभव होना अनिवार्य है।

20. **सेवानिवृत्ति की आयु** :– शिक्षकों की सेवानिवृत्ति की आयु राज्य शासन के अनुसार अधिकतम 65 वर्ष होगी। शिक्षकों की पात्रता के मानक पूर्ण करने वाले सेवानिवृत्त शिक्षकों को पूर्ण कालिक शिक्षक के रूप में 65 वर्ष की आयु तक पुनः नियुक्त किया जा सकता है।

21. **शिक्षण स्टॉफ की नियुक्ति** :– शिक्षण स्टॉफ की नियुक्ति अनुसूची–9 में निर्दिष्ट न्यूनतम अर्हता के आधार पर होगी। उपरोक्त अर्हता के साथ सभी शिक्षकों को राज्य पंजियन परिषद् में अपना पंजीयन कराना अनिवार्य होगा।

22. **परीक्षा की प्रणाली** :–

1. **प्रथम व्यावसायिक परीक्षा** :–

(क) प्रथम व्यावसायिक परीक्षा सामान्यतः प्रथम व्यावसायिक सत्र के अंत में होगी।

(ख) वे छात्र जो प्रथम व्यावसायिक के एक या दो विषय में अनुत्तीर्ण हो जाते हैं, उन्हें द्वितीय व्यावसायिक सत्र में अपने बैच के साथ उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी।

(ग) दो से अधिक विषयों में अनुत्तीर्ण होने वाले छात्र को द्वितीय व्यवसायिक सत्र में कार्यकाल रखने की अनुमति नहीं दी जाएगी और प्रथम व्यावसायिक की पूरक परीक्षा प्रत्येक छः महीने में आयोजित की जाएगी।

(घ) प्रथम व्यावसायिक परीक्षा निम्नलिखित विषयों में होगी यथा :–

i. एनाटॉमी (Anatomy)
ii. फिजिओलॉजी (Physiology)
iii. बायोकेमिस्ट्री (Biochemistry)
iv. फिलासॉफी ऑफ नेचर क्योर (Philosophy of Nature Cure)
v. योग प्रेक्टिसेस् (Yoga Practices)

2. **द्वितीय व्यावसायिक परीक्षा** :–

(क) द्वितीय व्यावसायिक परीक्षा सामान्यतः द्वितीय व्यावसायिक सत्र के अंत में होगी।

(ख) वे छात्र जो द्वितीय व्यावसायिक परीक्षा के एक या दो विषय में अनुत्तीर्ण हो जाते हैं, उन्हें तृतीय व्यावसायिक सत्र में अपने बैच के साथ उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी।

(ग) दो से अधिक विषयों में अनुत्तीर्ण होने वाले छात्र को तीसरे व्यावसायिक सत्र में कार्यकाल रखने की अनुमति नहीं दी जाएगी और द्वितीय व्यावसायिक की पूरक परीक्षाएं हर छः महीने में आयोजित की जाएगी।

(घ) द्वितीय व्यावसायिक परीक्षा निम्नलिखित विषयों में होगी यथा :–

i. पैथोलॉजी (Pathology)
ii. माइक्रोबायोलॉजी (Microbiology)
iii. कम्युनिटी मेडीसिन (हेल्थ) (Community Medicine)
iv. योग फिलासॉफी (Yoga Philosophy)
v. मॅग्नेटोथेरेपी एण्ड क्रोमोथेरेपी (Magnetotherapy and Chromotherapy)
vi. फॉरेन्सिक मेडीसिन एण्ड टॉक्सिकोलॉजी (Forensic Medicine and Toxicology)

3. **तृतीय व्यावसायिक परीक्षा** :–

(क) तृतीय व्यावसायिक परीक्षा सामान्यतः तृतीय व्यावसायिक सत्र के अंत में होगी।

(ख) वे छात्र जो तृतीय व्यावसायिक परीक्षा के एक या दो विषय में अनुत्तीर्ण हो जाते हैं, उन्हें चतुर्थ व्यावसायिक सत्र में अपने बैच के साथ उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी।

(ग) दो से अधिक विषयों में अनुत्तीर्ण होने वाले छात्र को चतुर्थ (अंतिम) व्यवसायिक सत्र में कार्यकाल रखने की अनुमति नहीं दी जाएगी और तृतीय व्यावसायिक की पूरक परीक्षाएं हर छः महीने में आयोजित की जाएगी।

(घ) तृतीय व्यावसायिक परीक्षा निम्नलिखित विषयों में होगी यथा :–

i. मैनिपुलेटिव थेरेपी (Manipulative Therapy)
ii. एक्युपंक्चर (Accupuncture)
iii. योग एप्लिकेशन (Yoga Application)
iv. फास्टिंग थेरेपी (Fasting Therapy)
v. नेचुरोपैथी डायग्नोसिस (Naturopathy Diagnosis)
vi. मॉर्डन डायग्नोसिस एण्ड फर्स्ट एड (Modern Diagnosis and First aid)
vii. सायकोलॉजी एण्ड बेसिक सायकेट्रिक (Psycology & Basic Psychiatry)

`

4. **चतुर्थ (अंतिम) व्यावसायिक परीक्षा :–**

(क) चतुर्थ (अंतिम) व्यावसायिक परीक्षा सामान्यतः चतुर्थ व्यावसायिक सत्र के अंत में होगी।

(ख) चतुर्थ (अंतिम) व्यावसायिक परीक्षा के लिए उपस्थित होने से पहले छात्रों को पहले, दूसरे और तृतीय व्यावसायिक के सभी विषयों को उत्तीर्ण करना होगा।

(ग) चतुर्थ (अंतिम) व्यावसायिक परीक्षा के बाद की अनुपूरक परीक्षा प्रत्येक छः महीने में आयोजित की जाएगी।

(घ) चतुर्थ (अंतिम) व्यावसायिक परीक्षा निम्नलिखित विषयों में होगी यथा :–

i. डाएटेटिक, न्यूट्रिशन एण्ड हर्ब (Dietetic, Nutrition and Herb)
ii. आबस्टेट्रिक्स एण्ड गायनेकोलॉजी (Obstetrics and Gynaecology)
iii. योगिक थेरेपी (Yogic Therapy)
iv. हायड्रो थेरेपी (Hydro Therapy)
v. फिजिओथेरेपी (Physiotherapy)
vi. हॉस्पिटल मैनेजमेंट (Hospital Management)

5. विषम बैच के छात्र (वे छात्र जो टर्म नहीं रख सके) के लिए कोई अलग कक्षा नहीं होगी और छात्र को नियमित बैच या जूनियर बैच के साथ कक्षा में शामिल होना होगा।
6. अनिवार्य परिभ्रामी विशिखानुप्रवेश में शामिल होने के लिए पात्र बनने के लिए, सभी चार व्यावसायिक परीक्षाएं प्रवेश की तारीख से अधिकतम 10 वर्षों की अवधि के भीतर उत्तीर्ण करनी होगी।
7. परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए अपेक्षित न्यूनतम अंक प्रत्येक विषय में थिओरी और प्रायोगिक दोनों के लिए पृथक–पृथक 50 प्रतिशत होंगे।
8. प्रत्येक व्यावसायिक परीक्षाओं में सम्मिलित होने के लिए छात्रों की संबंधित व्यावसायिक की कक्षाओं में उपस्थिति कम से कम 75 प्रतिशत होना अनिवार्य है।

23. **परीक्षा का मूल्यांकन :–**

(1) परीक्षा का मूल्यांकन विश्वविद्यालय द्वारा एक बार कराया जावेगा। किसी छात्र को संशय होने पर पूनर्मूल्यांकन हेतु आवेदन विश्वविद्यालय में प्रस्तुत कर सकता है।

(2) विश्वविद्यालय की प्रैक्टिकल/क्लीनिकल/मौखिक परीक्षा के लिए दो परीक्षक (एक आंतरिक और एक बाह्य परीक्षक) होंगे।

**प्रत्येक व्यावसायिक में विशय, प्रश्न पत्रों की संख्या, शिक्षण घंटे और अंक वितरण निम्नलिखित तालिकाओं के अनुसार होंगे अर्थात :–**

**तालिका–3**

| विषय का नाम | शिक्षण घण्टों की संख्या | | | अधिकतम अंको का वितरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | सिद्धान्तिक | क्रियात्मक | कुल | प्रश्न पत्रों की संख्या | सिद्धान्तिक | क्रियात्मक | कुल |
| **प्रथम व्यावसायिक बी.एन.वाय.एस** | | | | | | | |
| 1. एनाटॉमी | 200 | 150 | 350 | 02 | 200 | 100 | 300 |
| 2. फिजिओलॉजी | 200 | 150 | 350 | 02 | 200 | 100 | 300 |
| 3. बायोकेमिस्ट्री | 100 | 100 | 200 | 01 | 100 | 100 | 200 |
| 4. फिलोसॉफी ऑफ नेचर क्योर | 150 | 100 | 250 | 02 | 200 | 100 | 300 |
| 5. योग प्रेक्टिसेस | 100 | 100 | 200 | 01 | 100 | 100 | 200 |
| **कुल** | **750** | **600** | **1350** | **08** | **800** | **500** | **1300** |
| **द्वितीय व्यावसायिक बी.एन.वाय.एस** | | | | | | | |
| 1. पॅथोलाजी | 150 | 100 | 250 | 01 | 100 | 100 | 200 |
| 2. माइक्रोबायोलाजी | 150 | 100 | 250 | 01 | 100 | 100 | 200 |
| 3.कम्युनिटी मेडीसिन(हेल्थ) | 150 | 100 | 250 | 01 | 100 | 100 | 200 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4.योग फिलासॉफी | 150 | 100 | 250 | 01 | 100 | 100 | 200 |
| 5.मॅग्नेटोथेरेपी एण्ड क्रोमोथेरेपी | 150 | 100 | 250 | 01 | 100 | 100 | 200 |
| 6. फॉरेन्सिक मेडीसिन एण्ड टॉक्सिकोलाजी | 50 | 50 | 100 | 01 | 50 | 50 | 100 |
| **कुल** | **800** | **550** | **1350** | **06** | **550** | **550** | **1100** |
| **तृतीय व्यावसायिक बी.एन.वाय.एस** | | | | | | | |
| 1. मैनिपुलेटिव थेरेपीज | 100 | 100 | 200 | 01 | 100 | 100 | 200 |
| 2.एक्युपंक्चर | 100 | 100 | 200 | 01 | 100 | 100 | 200 |
| 3.योग एप्लिकेशन | 150 | 100 | 250 | 01 | 100 | 100 | 200 |
| 4. फास्टिंग थेरेपी | 100 | 100 | 200 | 01 | 100 | 100 | 200 |
| 5.नेचुरोपॅथी डायग्नोसिस | 100 | 100 | 200 | 01 | 100 | 100 | 200 |
| 6. मॉर्डन डायग्नोसिस एण्ड फर्स्ट एड | 100 | 50 | 150 | 01 | 100 | 100 | 200 |
| 7. सायकोलॉजी एण्ड बेसिक सायकेट्रिक | 100 | 50 | 150 | 01 | 50 | 50 | 100 |
| **कुल** | **750** | **600** | **1350** | **07** | **650** | **650** | **1300** |
| **चतुर्थ (अंतिम) व्यावसायिक बी.एन.वाय.एस** | | | | | | | |
| 1. डाएटिक्स,न्यूट्रिशन एण्ड हर्ब | 200 | 100 | 300 | 01 | 100 | 100 | 200 |
| 2. आबस्टेट्रिक्स एण्ड गायनेकोलॉजी | 200 | 100 | 300 | 01 | 100 | 100 | 200 |
| 3. योगिक थेरेपी | 200 | 100 | 300 | 01 | 100 | 100 | 200 |
| 4. हायड्रो थेरेपी | 200 | 150 | 350 | 02 | 200 | 100 | 300 |
| 5. फिजिओथेरेपी | 150 | 100 | 250 | 01 | 100 | 100 | 200 |
| 6. हॉस्पिटल मैनेजमेंट | 100 | 50 | 150 | 01 | 50 | 50 | 100 |
| **कुल** | **1050** | **600** | **1650** | **07** | **650** | **550** | **1200** |

24. **अध्ययन के दौरान छात्र का स्थानांतरण :–**

(1) छात्र को किसी अन्य महाविद्यालय से अपना अध्ययन जारी रखने हेतु प्रथम व्यावसायिक की परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् स्थानान्तरण लेने की अनुमति दी जाएगी। अनुत्तीर्ण छात्रों को स्थानान्तरण तथा मध्यावधि स्थानान्तरण की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(2) स्थानान्तरण के लिए छात्रों को महाविद्यालय और विश्वविद्यालयों दोनों की पारस्परिक सहमति प्राप्त करनी होगी और यह रिक्त सीट की सुनिश्चिति के पश्चात् होगा।

25. **उपस्थिति बनाए रखने के लिए दिशा–निर्देश (सैद्धांतिक/व्यावहारिक/नैदानिक घंटे)**

योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति में विभिन्न पाठ्यक्रमों में शिक्षा प्रदान करने वाले संस्थानों, कॉलेजों को ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली बनाए रखने की अनुशंसा की जाती है। हालाँकि, यदि विभिन्न शिक्षण/प्रशिक्षण गतिविधियों की उपस्थिति दर्ज करने के लिए भौतिक रजिस्टर बनाए जा रहे हैं, तो निम्नलिखित दिशा–निर्देशों का पालन किया जाना चाहिए:

(1)उपस्थिति संचयी संख्यांकन पद्धति से अंकित की जाएगी।
(क) उपस्थिति के मामले में 1, 2, 3, 4, 5, 6... इत्यादि अंकित किया जाना चाहिए;
(ख) अनुपस्थिति के मामले में, इसे 'ए' के रूप में अंकित किया जाना चाहिए
(ग) उदाहरणः P,P,P,A,P,P,A,A,P,P,P ... को (1, 2, 3, 4, ए, 5, 6, ए, ए, 7, 8, 9...) के रूप में चिह्नित किया जा सकता है।
(2) उपस्थिति के लिए सख्ती से 'P' चिह्नित करने से बचें।

(3) थ्योरी और प्रैक्टिकल/क्लीनिकल/गैर–व्याख्यान गतिविधियों के लिए अलग–अलग रजिस्टर बनाए रखना है।
(4) टर्म या कोर्स या सिलेबस के भाग के अंत में, अंतिम संख्या को कुल उपस्थिति के रूप में लिया जाना चाहिए।
(5) छात्र के हस्ताक्षर के बाद कुल उपस्थिति को संबंधित विभागाध्यक्ष द्वारा प्रमाणित किया जाना चाहिए और उसके बाद प्राचार्य द्वारा अनुमोदन किया जाना चाहिए।
(6) कई टर्म के मामले में, कोर्स के अंत में सभी टर्म की उपस्थिति को संक्षेप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए और प्रतिशत की गणना क्लिनिकल सहित थ्योरी और प्रैक्टिकल के लिए अलग से की जानी चाहिए।

26. **अनिवार्य परिभ्रामी विशिखानुप्रवेश (**Compulsory Rotatory Internship**)**:–

(1) अनिवार्य परिभ्रामी विशिखानुप्रवेश की अवधि एक वर्ष होगी।
(2) छात्र प्रथम से चतुर्थ (अंतिम) व्यावसायिक परीक्षा के सभी विषयों को उत्तीर्ण करने के बाद और विश्वविद्यालयों से अनंतिम उपाधि प्रमाण पत्र तथा छत्तीसगढ़ राज्य परिषद से अनंतिम पंजीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद अनिवार्य परिभ्रामी विशिखानुप्रवेश कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पात्र होगा।
(3) **शिष्यवृत्ति** :– विशिखानुप्रवेश के दौरान शासकीय महाविद्यालय से उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी को शिष्यवृत्ति का भुगतान
राज्य शासन के नियमों के अनुसार किया जाएगा।
(4) विशिखानुप्रवेश के दौरान स्थानान्तरण :–
(क) विशिखानुप्रवेश के दौरान किसी अन्य महाविद्यालय/चिकित्सालय में स्थानान्तरण संबंधित महाविद्यालय/चिकित्सालय और विश्वविद्यालय दोनों की सहमति से होगा।
(ख) संस्थान या महाविद्यालय द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र के आधार पर विश्वविद्यालय द्वारा स्थानान्तरण स्वीकार किया जाएगा।
(5) विशिखानुप्रवेश के दौरान गतिविधियां :– प्रशिक्षणार्थी के दैनिक कार्य घंटे आठ घंटे से कम नहीं होंगे। प्रशिक्षणार्थी विशिखानुप्रवेश के दौरान प्रशिक्षणार्थी द्वारा की गई सभी गतिविधियों को शामिल करते हुए एक लॉगबुक बनाएगा।
(6) सामान्यतया एक वर्ष की विशिखानुप्रवेश निम्नानुसार (तालिका – 4) होगी :–
महाविद्यालय से जुड़े प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग चिकित्सालय में छः महीने और अन्य तीन महीने शासकीय योग वेलनेस सेन्टर में या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या जिला अस्पताल में संचालित आयुष विंग में एवं शेष तीन महीने देश/प्रदेश के प्रतिष्ठित प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग चिकित्सालय में करना अनिवार्य होगा।

**तालिका –4**

विशिखानुप्रवेश अवधि का विवरण

| स.क्र. | विभाग | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | नैदानिक प्राकृतिक चिकित्सा | 02 माह |
| 2 | योग एवं स्वास्थ्य परामर्श | 01 माह |
| 3 | आहार पोषण एवं उपवास चिकित्सा | 01 माह |
| 4 | भौतिक चिकित्सा | 01 माह |
| 5 | एक्युपंक्चर, एक्युप्रेशर एवं चुंबक चिकित्सा | 01 माह |
| 6 | शासकीय योग वेलनेस सेन्टर में या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या जिला अस्पताल में संचालित आयुष विंग में | 03 माह |
| 7 | देश/प्रदेश के प्रतिष्ठित प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग चिकित्सालय में | 03 माह |

(7) **लॉगबुक** :–
क. एक प्रशिक्षु (Intern) के लिए यह अनिवार्य होगा कि वह एक विनिर्दिष्ट लॉगबुक में प्रतिदिन के आधार पर उसके द्वारा की गई/सहायता/देखी गई प्रक्रियाओं का रिकॉर्ड बनाए रखे जिसे संबंधित चिकित्सा अधिकारी या यूनिट या विभाग के प्रमुख द्वारा सत्यापित और प्रमाणित किया जायेगा।
ख. विशिखानुप्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंत में डीन/प्राचार्य/निर्देशक द्वारा विधिवत रूप से पूर्ण किये हुये एवं प्रमाणित लॉगबुक प्रस्तुत करने में असफल होने के परिणामस्वरूप उसका विशिखानुप्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रम रद्द किया जा सकता है।
ग. संस्था पूर्ण और प्रमाणित लॉगबुक अपने पास रखेगी और सत्यापन के लिए उपलब्ध करायेगी।

(8) **प्रशिक्षणार्थी के लिए अवकाशः –**

क. एक वर्ष की अनिवार्य परिभ्रामी विशिखानुप्रवेश के दौरान कुल 12 दिनों के अवकाश की अनुमति होगी और 12 दिनों से अतिरिक्त किसी भी प्रकार की अनुपस्थिति में परिभ्रामी विशिखानुप्रवेश तदनुसार बढ़ाया जाएगा।

ख. प्रशिक्षणार्थी एक समय में एक साथ 6 दिनों से अधिक अवकाश नहीं ले सकता है।

ग. यदि अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण विशिखानुप्रवेश के दौरान विशिखानुप्रवेश शुरू होने में कोई देरी या असामान्य अवरोध हो, तो ऐसे मामलों में विशिखानुप्रवेश अवधि चतुर्थ (अंतिम) व्यवसायिक बी.एन.वाय.एस. की योग्यता परीक्षा पास करने की तारीख से तीन साल की अधिकतम अवधि के अंदर पूर्ण करना अनिवार्य होगा।

घ. विशिखानुप्रवेश प्रारंभ करने हेतु छात्र सहायक दस्तावेजों के साथ अनुरोध पत्र संस्थान के प्रमुख के समक्ष प्रस्तुत करेगा। संस्थान के प्रमुख की जिम्मेदारी होगी कि वह दस्तावेजों की जांच करें और अनुमति पत्र जारी करेंगे।

## अनुसूची – 1

### महाविद्यालय से संलग्न चिकित्सालय के निर्मित क्षेत्र की आवश्यकता

| स. क्र. | विवरण | निर्मित क्षेत्र (वर्गमीटर में) | |
|---|---|---|---|
| | | 50 छात्रों तक | 100 छात्रों तक |
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| | चिकित्सालय भवन का कुल निर्मित क्षेत्र | 1500 | 2800 |
| 1 | अधीक्षक कक्ष | 150 | 200 |
| 2 | प्रशासनीक खण्ड | | |
| 3 | स्वागत तथा पंजीकरण कक्ष | | |
| 4 | उपअधीक्षक कक्ष | | |
| 5 | चिकित्सा अधिकारी कक्ष/आवासीय चिकित्सा अधिकारी कक्ष | | |
| 6 | भण्डार कक्ष | | |
| 7 | मेडिकल रिकार्ड रूम | | |
| 8 | कपड़ा धोने का कमरा | | |
| 9 | बाह्म रोगी खण्ड<br>अ. नैदानिक प्राकृतिक चिकित्सा<br>ब. योग एवं स्वास्थ परामर्श<br>स. आहार पोषण एवं उपवास चिकित्सा<br>द. भौतिक चिकित्सा<br>इ. एक्युपंक्चर, एक्युप्रेशर एवं चुंबक चिकित्सा<br>फ. आपातकालीन चिकित्सा | 50 | 100 |
| 10 | अंतरंग रोगी खण्ड<br>डॉक्टर ड्यूटी रूम, नर्सिंग रूम, आत्यायिक कक्ष, थेरेपी कक्ष, प्रिपरेशन कक्ष, प्रसाधन कक्ष सहित | | |
| | पुरूष वार्ड<br>सामान्य<br>अर्द्ध निजी<br>निजी | 400 | 800 |
| | महिला वार्ड<br>सामान्य<br>अर्द्ध निजी<br>निजी | 400 | 800 |
| 11 | योगा हॉल | 55 | 100 |
| 12 | चिकित्सकीय खण्ड | | |
| | जलचिकित्सा | 100 | 150 |
| | मृदाचिकित्सा | 20 | 30 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| ` | चुम्बकीय चिकित्सा | 20 | 50 |
| | भौतिक चिकित्सा एवं मोम चिकित्सा | 50 | 80 |
| | एक्यूपंचर / एक्यूप्रेशर | 20 | 30 |
| | क्रोमोथेरेपी | 15 | 30 |
| | मेनीपुलेटिव थेरेपी | 40 | 60 |
| 13 | षट्कर्म कक्ष | 20 | 60 |
| 14 | पाकशाला | 70 | 150 |
| 15 | प्रसाधन कक्ष (बहिरंग कक्ष हेतु) | 20 | 30 |
| 16 | इन्टर्न कक्ष | 20 | 40 |
| 17 | हाउसकीपिंग कक्ष | 20 | 40 |
| 18 | नैदानिक प्रयोगशाला | 30 | 50 |
| **कुल योग** | | **1500** | **2800** |

**नोटः**

1. विभिन्न घटकों के बीच उपरोक्त निर्दिष्ट उप–विभाजित क्षेत्र ± बीस प्रतिशत के भीतर भिन्न हो सकता है। लेकिन संलग्न चिकिल्सालय का कुल क्षेत्र विनियमन में निर्दिष्ट क्षेत्र के अनुसार होगा।

2. बाह्य रोगी विभाग के साथ संलग्न शौचालय की आवश्यकता उन महाविद्यालय के लिए लागू है जो 2024–25 के बाद स्थापित किए गए हैं।

3. शर्तीय अनुमति के लिए, महाविद्यालय के संलग्न चिकित्सालय का कुल निर्मित क्षेत्र विनियम में निर्दिष्ट क्षेत्र के अनुसार ± बीस प्रतिशत के भीतर भिन्न हो सकता है।

अनुसूची – **2**

**महाविद्यालय के निर्मित क्षेत्र की आवश्यकता**

| **स. क्र.** | **विवरण** | **निर्मित क्षेत्र (वर्गमीटर में)** | |
|---|---|---|---|
| | | **50 छात्रों तक** | **100 छात्रों तक** |
| **(1)** | **(2)** | **(3)** | **(4)** |
| | महाविद्यालय भवन का कुल निर्मित क्षेत्र (योग प्रदर्शन कक्ष सहित) | 1500 | 2800 |
